अभ्यास के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. सजीवों के वासस्थान से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर—एक सजीव जिस परिवेश में रहता है, जहाँ से उसे भोजन, वायु, शरण-स्थल एवं अन्य आवश्यकताएँ पूरी होती हैं उसका वास स्थान कहलाता है ।

प्रश्न 2. ऊँट रेगिस्तान में जीवनयापन के लिए किस प्रकार अनुकूलित है ?

उत्तर—ऊँट रेगिस्तान में जीवनयापन के लिए निम्न प्रकार से अनुकूलित है —

(i) उसके पैर रेगिस्तान में रखते ही फैलते हैं जिससे वे फैलते नहीं हैं ।

(ii) ऊँट के पैर लम्बे होते हैं जिससे उसका शरीर रेत की गर्मी से दूर रहता है ।

(iii) उनमें पानी को स्टॉक रखने की क्षमता होती है ।

(iv) उन्हें पसीना भी कम आता है ।

उपर्युक्त कथनों से हमें यह पता चलता है कि ऊँट रेगिस्तान में भी आराम से रह सकता है ।

प्रश्न 3. मछली जल में अपने को किस प्रकार अनुकूलित करती है ?

उत्तर—मछली की शारीरिक संरचना उसे जल में अनुकूलित करती है ।

जैसे—मछली का शरीर धारारेखीय होता है । इसे नौकाकार भी कहते हैं । इनका शरीर चिकने शल्कों से ढंका रहता है । मछली के पक्ष एवं पूंछ चपटे होते हैं जो उसे जल के अंदर दिशा परिवर्तन एवं संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं ।

प्रश्न 4. पर्वतीय पौधे किस प्रकार अनुकूलित हैं ?

उत्तर—पर्वतीय क्षेत्रों के पौधे शंक्वाकार (कीप जैसा) होता है तथा इनकी शाखाएँ तिरछी होती है । कुछ वृक्षों की पत्तियाँ सूई के समान होती हैं । इसमें वर्षा का जल एवं हिम आसानी से नीचे की ओर खिसक जाता है ।

प्रश्न 5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) स्थल पर पाए जाने वाले पौधों एवं जंतुओं के वास स्थान को .... आवास कहते हैं ।

(ii) वे वास स्थान जिनमें जल में रहने वाले पौधे एवं जंतु रहते हैं, ... आवास कहलाते हैं ।

(iii) याक का शरीर लंबे .... से ढंका होता है ।

(iv) मछली का शरीर .... होता है जिससे वह जल में आसानी से तैर सकती है ।

(v) जलीय पौधों का तना .... खोखला एवं .... होता है ।

उत्तर—(i) स्थलीय (ii) जलीय (iii) बालों (iv) धारारेखीय (v) लंबा, हल्का

प्रश्न 6. मिलान कीजिए—

(क) मछली	(i) कूबड़
(ख) ऊँट	(ii) धारारेखीय शरीर
(ग) नागफनी	(iii) मजबूत खुर
(घ) याक	(iv) पहाड़ी
(ङ) घोड़ा	(v) कम वाष्पोत्सर्जन

उत्तर—(क)– (ii) (ख) – (i) (ग) – (v) (घ) – (iv) (ङ) – (iii)

प्रश्न 7. सही विकल्प चुनिए—

(क) ऊँट निम्न परिवेश में पाये जाने वाला जंतु है—

(i) जलीय (ii) पर्वतीय

(iii) मरूस्थलीय (iv) इनमें से कोई नहीं ।

उत्तर—(iii)

(ख) धारारेखीय शरीर होता है —

(i) घोड़े का (ii) भालू का

(iii) मछली का (iv) मेढ़क का

उत्तर—(iii)

(ग) हमें श्वास लेने में कठिनाई होती है—

(i) मैदानी क्षेत्र में (ii) जलीय क्षेत्र में

(iii) पर्वतीय क्षेत्र में (iv) रेगिस्तानी क्षेत्र में

उत्तर—(iii)

(घ) घास स्थल अथवा वनों का शक्तिशाली जन्तु है—

(i) हिरण (ii) शेर

(iii) घोड़ा (iv) ऊँट **उत्तर**— (ii)

(ङ) जलकुंभी पाया जाता है—

(i) जंगल में (ii) पर्वतों पर

(iii) जल में (iv) बर्फ में

उत्तर—(iii)